कार्यालय : प्रधान मुख्य वन संरक्षक, झारखण्ड, राँची।

वन भवन, डोरण्डा, रांची–834002

E-mail : pccf-jhk@gov.in, Phone : 0651 - 2481909

पत्रांक : 11E-19(A)III-01/2022 **दिनांक :** 12-02-2026

कार्यालय आदेश संख्या : 33

झारखण्ड राज्य के वनों तथा वन्यजीवों के संरक्षण एवं संवर्धन में उत्कृष्ट योगदान देने वाले वन पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुरस्कृत करने के लिए (Jharkhand Government Forestry Sector Award) समिति गठन के संबंध में फोकस ग्रुप का गठन।

वन विभागीय कार्य–प्रणाली एवं दक्षता में सकारात्मक सुधार लाने तथा वन एवं वन्यजीवों के संरक्षण एवं संवर्धन में उत्कृष्ट योगदान देने वाले वन पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुरस्कृत करने के लिए (Jharkhand Government Forestry Sector Award) प्रदान करने के लिए एक समिति के गठन की आवश्यकता सम्यक विचारोपरांत महसूस की गई। यह समिति पुरस्कार के लिए पुरस्कार का नाम, स्क्रीनिंग कमिटि का स्वरूप, पुरस्कार का स्वरूप, पुरस्कार की राशि, उत्कृष्ट वन पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों का चयन का आधार एवं प्रक्रिया से संबंधित नीति निर्धारण करेगी।

तदोपरांत इस समिति का गठन निम्नवत् किया जाता हैः–

श्री विश्वनाथ साह, भा०व०से०	अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, मानव संसाधन विकास, झारखण्ड, रांची	**अध्यक्ष**
श्री रवि रंजन, भा०व०से०	अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, कैम्पा, झारखण्ड, रांची	**सदस्य**
श्री एस०आर० नटेश, भा०व०से०	मुख्य वन संरक्षक (कार्मिक) अराजपत्रित, झारखण्ड, रांची	**सदस्य**
श्री विकास कुमार उज्जवल, भा०व०से०	वन प्रमण्डल पदाधिकारी, हजारीबाग पूर्वी वन प्रमण्डल	**सदस्य**
श्री बनकर अजिंक्य देविदास भा०व०से०	वन प्रमण्डल पदाधिकारी, निदेशन एवं प्रशासन, रांची	**सदस्य सचिव**
श्री सात्विक, भा०व०से०	वन प्रमण्डल पदाधिकारी, दुमका वन प्रमण्डल, दुमका	**सदस्य**

यह समिति उपर्युक्त विषय में नीति निर्धारण कर एक प्रस्ताव 15 दिनों के अंदर इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

ह०/–
प्रधान मुख्य वन संरक्षक,
झारखण्ड, रांची।

ज्ञापांक : 11E-19(A)III-01/2022 - 398 **दिनांक :** 12·02·2026

प्रतिलिपि : अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, मानव संसाधन विकास/कैम्पा, झारखण्ड, रांची/मुख्य वन संरक्षक (कार्मिक) अराजपत्रित, झारखण्ड, रांची/वन प्रमण्डल पदाधिकारी, हजारीबाग पूर्वी/निदेशन एवं प्रशासन, रांची/दुमका वन प्रमण्डल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Sanjiv 11/02/2026
प्रधान मुख्य वन संरक्षक,
झारखण्ड, रांची।

D:\DFO, Admin\Raju\Letter 2025\Dec.doc